पत्रांकः–भवन/स्था0–04/विविध–12/2026............................/

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

अवधेश नन्दन सिन्हा,
सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी अधीक्षण अभियंता (विद्युत सहित),
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना, दिनांकः–

विषयः– बिहार विधान सभा की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– उप सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना का पत्रांक–916 दिनांक–25.03.26.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए कहना हैं कि बिहार विधान सभा की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति की दिनांक–16.03.2026 को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में भवन निर्माण विभाग अंतर्गत आपके अंचल एवं अधीनस्थ प्रमंडलों में कुल स्वीकृत बल, कार्यरत बल एवं रिक्ति एवं उनमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों की संख्या से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन की आवश्यकता है जिसे समेकित कर बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को प्रेषित किया जाना है।

अतः अनुरोध हैं कि अपने अंचल एवं अधीनस्थ प्रमंडलों में कुल स्वीकृत बल, कार्यरत बल एवं रिक्ति से संबंधित कोटिवार (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य) प्रतिवेदन अतिशीघ्र **विभागीय ई–मेल अथवा BCD S.E व्हाट्सेप ग्रुप** के माध्यम से 03(तीन) दिनों के अंदर उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

कृपया इसे सर्वोच्च प्रायमिकता दी जाय।

अनु0ः–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

ह0/–
(अवधेश नन्दन सिन्हा)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांकः– 3458 (अ) अनु पटना, दिनांक– 10/4/26

प्रतिलिपिः–अनुलग्नक सहित आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अनु0ः–यथोक्त।

अवधेश 10.04.26

सरकार के संयुक्त सचिव।

बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र संख्या- वि०स०(क०)-06/2026-916 /वि०स०,

प्रेषक,

मु० कैशरे आलम,
उप सचिव,
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना ।

सेवा में,

सचिव,
भवन निर्माण विभाग,
बिहार सरकार, पटना ।

पटना, दिनांक- 25/03/2026

विषय- बिहार विधान सभा की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में ।

महोदय,

निदेशानुसार सूचित करना है कि बिहार विधान सभा की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति की दिनांक-16.03.2026 को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में आपके विभाग से संबंधित संलग्न प्रश्नावली पर प्रतिवेदन की अपेक्षा की गई है।

अतः आपसे अनुरोध है कि संलग्न प्रश्नावली से संबंधित अद्यतन वांछित प्रतिवेदन 10 (दस) दिनों के अंदर 15 (पन्द्रह) प्रतियों में समिति के विचारार्थ सभा सचिवालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन,

24/3/26

(मु० कैशरे आलम)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

(01)

भवन निर्माण विभाग

(प्रश्नावली)

1. भवन निर्माण विभाग में कुल स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है, कितने कार्यरत/रिक्त पदों की संख्या कितनी है? उसमें अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति के कितने पदाधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं, से संबंधित कोटिवार एवं संवर्गवार पूर्ण प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में ।

2. राज्य के किस–किस जिला में अनुसूचित/जनजाति आवासीय विद्यालयों में नए भवन का निर्माण कराया गया है एवं कितने विद्यालयों में मरम्मति का कार्य कराया गया है, आवंटित राशि एवं खर्च की राशि से संबंधित 5 वर्षों का पूर्ण प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में ।